# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक- 28 सितम्बर, 2023** **थाना अनूपशहर**

## लूट की झूठी सूचना देने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही से 05 लाख रुपये बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 27-09-2023 की शाम को सुमित पुत्र मुनेश उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम गरहरा थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर ने सूचना दी कि जब वह अपने मालिक के 05 लाख रुपये लेकर मण्डी जा रहा था तब रास्ते में बाइक सवार दो बदमाश मारपीट कर उससे पैसे छीनकर ले गये है।

*उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु कई टीमो का गठन किया गया। जांच के दौरान उक्त घटना झूठी पायी गयी तथा यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी सुमित उपरोक्त द्वारा ही धोखाधड़ी कर उन पैसे को रास्ते में खुशहारपुर रोड़ पर आम के बाग में झाड़ियों में छिपा दिया था। उक्त घटना के क्रम में थाना अनूपशहर पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा आज दिनांक 28-09-2023 को सुमित को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर 05 लाख रुपये को बरामद किया गया । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अनूपशहर पर मुअसं- 306/23 धारा 420/381/406 भादवि अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।*

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1- सुमित पुत्र मुनेश उर्फ गुड्डू निवासी गरहरा थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर

**बरामदगी-**

1- 05 लाख रुपये नगद

2- 01 बाइक एचएफ डीलक्स नं0- UP-13BN-8583 (घटना में प्रयुक्त)

**गिरफ्तार करने वाली थाना अनूपशहर पुलिस टीम-**

1- श्री धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अनूपशहर

2- उ0नि0 विपिन कुमार

3- का0 संदीप कुमार, का0 राहुल कुमार

**स्वाट टीम देहात-**

1. श्री दिनेश सिंह प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम देहात
2. है0का0 नितिन शर्मा, का0 मनीष, का0 रोहित




**मीडिया सेल बुलंदशहर**